
आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य **दैनिक इंदौर संकेत**


राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, गुरुवार 28 अगस्त 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 248 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

**2** श्री गणेश चतुर्थी पर 251 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

**5** अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया

**6** लापता श्रद्धा के लिए 51 हजार का इनाम

# 47 करोड़ के फ्लाईओवर ने 6 माह में ही दम तोड़ा



## 1.2 किमी के ब्रिज में गड्ढों की भरमार, पेविंग ब्लॉक लगाकर बनाया चलने लायक; गडकरी से शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के राऊ सर्कल पर 8 महीने पहले बने फ्लाईओवर पर अब दोनों तरफ गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस वजह से वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। पिछले 15 दिन में 10 से ज्यादा दुर्घटना हो चुकी हैं। इसमें एक युवक की मौत भी हो चुकी है। अब कांग्रेस हरकत में आई है और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से फ्लाईओवर को ठीक कराने की मांग की है। आरोप है कि टेंडर शर्तों में 5 साल मेंटनेंस करने का उल्लेख है पर मेंटनेंस नहीं किया जा रहा है। इंदौर से पीथमपुर या महू जाते समय जब इस ब्रिज पर चलना शुरू करते हैं तो शुरुआत में ही डामर पूरी तरफ से उखड़ चुका है। थोड़े आगे बड़ा गड्ढा आता है। जिसमें छोटी गाड़ियां फंस जाती हैं। बीच में छोटे साइज के गड्ढे हैं, जिन्हें पेविंग ब्लॉक लगाकर कवर किया है। इनसे गुजरते वक्त गाड़ियां बैलेंस खो देती हैं। फ्लाईओवर की दूसरी तरफ एक बड़ा एवं चौड़ा गड्ढा है। जिसमें टायर पड़ने पर गाड़ियों का बैलेंस बिगड़ जाता है।

पीथमपुर-महू से इंदौर की तरफ आते समय सबसे ज्यादा समस्या है। यहां शुरुआत में ही बड़ा गड्ढा है जिसे एजेंसी ने पिछले दिनों पेविंग ब्लॉक लगाकर भरा था, लेकिन यहां पर दोबारा गड्ढा हो गया है। फ्लाईओवर के बीच में सबसे बड़ा गड्ढा है। इसके अलावा बीचों-बीच 100 से 125 मीटर तक गड्ढे ही गड्ढे हैं। नीचे उतरते समय अंत में पूरी तरह से फ्लाईओवर उधड़ चुका है। डामर गायब है। इसी तरफ सबसे ज्यादा हादसे भी हो रहे हैं। राऊ सर्कल के फ्लाईओवर की दोनों तरफ की सर्विस रोड की हालत भी खराब है। गड्ढे इतने बड़े हैं कि छोटे वाहन इनमें फंस जाते हैं। जिन्हें निकालने के लिए वाहन चालकों को अन्य लोगों की मदद लेना पड़ती है। सर्विस रोड पर 5-5 फीट चौड़े गड्ढे हैं। रोजाना दो से तीन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। पानी भरा होने के कारण गड्ढों का पता ही नहीं चल पाता, जिससे छोटे वाहन इनमें फंस जाते हैं। सांसद लालवानी ने कहा है कि सात माह में ब्रिज में गड्ढे होने की शिकायत मिली थी। मामले में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा है कि इसके निर्माण कार्य का परीक्षण कराया जाना चाहिए। एनएचएआई अधिकारी प्रवीण यादव से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया।

### रीवा की कंपनी ने तैयार किया फ्लाईओवर

इस चौराहे से रोज 70 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। इसलिए 1.2 किमी लंबा फ्लाईओवर रीवा की मेसर्स विंध्या कंस्ट्रक्शन कंपनी से बनवाया है। टेंडर में 5 साल तक मेंटनेंस की शर्त भी शामिल है। 47 करोड़ में बने इस फ्लाईओवर का लोकार्पण 21 दिसंबर 2024 को हुआ था।

### विधायक बोले-जल्द शुरू होगा पेंचवर्क

इंदौर राऊ के विधायक मधु वर्मा का कहना है कि हमने एनएचएआई और फ्लाईओवर एजेंसी को बोल दिया है कि ऐसी लापरवाही बिल्कुल नहीं चलेगी। जल्द से जल्द गड्ढों को ठीक किया जाएगा। डामर का पेंचवर्क शुरू हो जाएगा।

---

# हड़बड़ी में डीपीसी, फिर किया सीईओ को ओवरराइट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** गत मंगलवार को जैसे ही इंदौर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक(बीआरसी) नीरज गर्ग लोकायुक्त की कारवाई के गिरफ्त में आने की खबर वायरल हुई डीपीसी संजय मिश्र ने आनन फानन में बीआरसी की बिना किसी अनुमोदन के प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी।

सूत्रों के अनुसार सर्व शिक्षा अभियान में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों को नियुक्त और रिलीव करने से पहले सीईओ जिला पंचायत और जिला कलेक्टर का अनुमोदन आवश्यक है। इसके बिना की कारवाई सीईओ और कलेक्टर के अधिकारों का अतिक्रमण माना जा सकता है

इससे पूर्व भी डीपीसी मिश्र द्वारा अनेक ऐसे आदेश जारी किए है जिन्हें जारी करने से पूर्व सीईओ और कलेक्टर का अनुमोदन आवश्यक होता है। सूत्र बताते है कि पूरे शिक्षा विभाग में इस बात की कानाफूसी हो रहे है कि डीपीसी की इतनी गलती के बाद भी सीईओ और कलेक्टर उन पर इतने बेहरबान क्यों है?

### सीईओ ने किया था नियमों का पालन

डीपीसी संजय मिश्र अपने कार्यालयीन कार्यों के लिए सीईओ का ही सहारा लेते है। इसके बावजूद भी नियमों के पालन की सीख सीईओ से नहीं सिख सके। गौरतलब है कि जब तत्कालीन डीपीसी शीला मरावी भी लोकायुक्त में ट्रैप हुई थी तब भी सीईओ ने उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त करने की कार्यवाही विधिवत कलेक्टर से अनुमोदन लेकर की थी।

### ब्रेकिंग न्यूज

- निक्की हत्याकांड : नोएडा पुलिस ने फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टर और नर्स का बयान किया दर्ज
- क्वाड का एजेंडा ठोस और सकारात्मक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा से पहले बोले भारत के राजदूत
- नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश के 3 आतंकी, पुलिस हेड क्वार्टर ने जारी किया हाई अलर्ट
- सीतामढ़ी के जानकी देवी मंदिर पहुंचे राहुल गांधी
- द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के सरेंडर के 80 साल पूरे होने पर सैन्य परेड आयोजित करेगा चीन
- जम्मू-कश्मीर : एलओसी के पास गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को सेना ने किया नाकाम, दो आतंकी ढेर
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया सरेंडर

---

### गणपति बप्पा मोरया...



दैनिक इंदौर संकेत कार्यालय में गणेशोत्सव के दिन बुद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश जी की स्थापना हुई।

# महिलाओं के शराब वाले बयान पर सीएम और पटवारी का वार- पलटवार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**





**भोपाल ●** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इशारों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को शराबी कह दिया। वे महिलाओं के शराब पीने वाले जीतू पटवारी के बयान पर बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि पता नहीं कहां के आकड़े ले आए। खुद की उतरी नहीं होगी रात की। सीएम के बयान पर पटवारी ने कहा कि मैं इसे पूरी विनम्रता से अस्वीकार करता हूं।

सीएम डॉ. मोहन यादव बुधवार को उज्जैन के गोपाल मंदिर के सामने रीगल टॉकीज की जगह बनने वाले कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और पार्किंग का भूमिपूजन करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने जीतू पटवारी के बयान पर कहा- कोई कहता है कि बहनें पैसा मिल गया तो दारू पीती हैं। शर्म आनी चाहिए, डूब मरना चाहिए।

सीएम ने कहा- तुम ऐसी बात करते हो। माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी। बहन बेटी का अपमान ये प्रदेश सहन करने वाला नहीं है। किसी भी हालत में इस बात को बर्दाश्त नहीं कर सकते। सीएम ने आगे कहा- पता नहीं कहां के आकड़े ले आए। खुद की उतरी नहीं होगी रात में, पता नही क्या हुआ। किसके लिए

---

### अजब-गजब

## ग्रामीण पुलिस इंदौर का कारनामा

# प्राण घातक हमले पर पुलिस थाना बेटमा से ही जमानत

**आशीष शिंदें (96446-30000)**

**दैनिक इंदौर संकेत**





**इंदौर ●** देपालपुर क्षेत्र में लगातार पुलिस की दरिया दिली आपराधियों से मजबुत संबंधों को दर्शा रही है। इंदौर जिले की देपालपुर तहसील में थाना क्षेत्र बेटमा में ऐसा एक घटनाक्रम देखने को मिला, थाना क्षेत्र के ही नजदीक क्षेत्र में लगने वाले ग्राम रावत में दीपक गुर्जर की खदान पर कार्य कर रहे दिलीप भदोरिया की गिट्टी खदान पर चौकीदारी का काम करता है 19 अगस्त 2025 को रात्रि लगभग 8 बजे खदान के पास बना कमरे में बैठा राकेश निवासी बड़ला और अचानक से किसी बात को लेकर बहस करने लगा और कहने लगा कि तू मेरे मालिक से झूठी शिकायत करता है, उक्त बात को लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगा और अपने साथी के साथ दिलीप भारदोरिया पर डंडे व सब्बल के साथ हमला कर दिया, जिससे दिलीप के कमर व सीने चोट आई उन चोट के साथ पसलियों के भी टूटे जाने की पुष्टि अस्पताल द्वारा की गई है उक्त घटनाक्रम की जानकारी लगते हुए ही खदान मालिक दीपक गुर्जर द्वारा अपने यहां कार्य कर रहे कर्मचारी दिलीप को वर्मा युनियन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां पर भर्ती कराए जाने से लेकर वर्तमान समय तक इलाज जारी है, वहीं दूसरी और बेटमा पुलिस की दरिया दिली और आर्थिक संबंधों की मजबूती तब देखने को मिली जब पीड़ित अपने जानलेवा हमले को लेकर इलाज के लिए जदोजहत कर रहा है, वहीं ऐसे में अपराधियों को तुरंत जमानत दिए जाना एक और पुलिस के संबंधों की मजबूती को बताता है, वही ऐसे अपराधियों को बड़े अपराधी बनने पर मजबूती प्रदान करता है।

---

# वानखेड़े के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे पुतला दहन

## जिला अध्यक्ष को दिखायेंगे काले झंडे और होगा विरोध प्रदर्शन

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर ●** नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इंदिरा भवन ट्रेनिंग लेने पहुंचे विपिन वानखेड़े को दिल्ली में अपने विरोध का सामना करना पड़ा इस विरोध की चिंगारी इंदौर से लेकर दिल्ली तक पहुंच चुकी है। गांव के नेता पैराशूट नेता को अपना जिला अध्यक्ष मानने को तैयार नहीं हैं। जिसको लेकर देपालपुर और सांवेर में जमकर विरोध प्रदर्शन भी हुए लगातार पुतले दहन किए गए, जब बड़े नेताओं के कानों में आवाज नहीं पहुंची तो देपालपुर सांवेर के कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के बाहर धरने पर बैठ गए। इतना ही नहीं पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदेश प्रभारी और संगठन प्रभारी ने आश्वस्त किया था कि 7 दिनों में इसकी रिपोर्ट बुलवाकर जिला अध्यक्ष पर जो नियुक्ति हुई, उस पर निराकरण किया जाएगा। इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मौन धारण कर बैठे हैं। उन्होंने इंदौर जिले के जिला अध्यक्ष में अपनी ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इंदौर जिले के ग्रामीण नेता विपिन को नेता मानने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि विपिन को पैराशूट जिला अध्यक्ष के रूप में देख रहे है। उनको इंदौर के गांवों की राजनीति पता नहीं दूसरा सबसे बड़ा कारण है। कि संगठन सर्जन के तहत जो नाम लिए गए थे। उनको दरकिनार कर पैराशूट जिला अध्यक्ष पार्टी ने बनाया इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में विपिन का लगातार बड़ा विरोध हो रहा है।

कल देपालपुर में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े बैठक लेने और कार्यकर्ताओं से मिलने आ रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता कल विपिन वानखेड़े का पुतला दहन करेंगे और काले झंडे दिखाएंगे और विपिन का विरोध करेंगे क्या इस प्रकार से गांव में कांग्रेस मजबूत हो पाएगी या फिर ऐसा समय आ जाएगा कि कांग्रेस के पास काम करने वाले कार्यकर्ता ही नहीं बचेंगे।


देपालपुर में नियुक्ति होते ही जले थे पुतले

राहुल गांधी भी मध्यप्रदेश की नियुक्तियों में हुई धांधली को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है। कि जो गलतियां मध्यप्रदेश में हुई वह दूसरे राज्यों में नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने भी देखा इंदौर जिले की नियुक्ति पर इंदिरा भवन पर कांग्रेसियों ने जो धरना दिया था प्रदर्शन किया था। वह इसका सीधा प्रसारण पार्टी मुख्यालय पर टीवी के माध्यम से देख रहे थे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष घटनाक्रम से स्पष्ट पता चलता है कि कांग्रेस में अभी भी पट्ठावाद ही चल रहा है। बड़े नेता अपने-अपने नेताओं को सेट करने में लगे हैं। संगठन और पार्टी से उनको कोई लेना-देना नहीं जिस प्रकार से मध्यप्रदेश में नियुक्तियां हुई, अब देखना होगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष की लड़ाई कहां तक पहुंचती है? संगठन और पार्टी के नेता इंदौर जिला अध्यक्ष मामले में क्या निर्णय लेते हैं?

---

# प्रदेश में कल से झमाझम बारिश होने की संभावना



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार और गुरुवार को गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद कल से एक बार फिर कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार जताए गए हैं। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 29, उमरिया में नौ, दमोह में छह, खजुराहो में चार, नौगांव एवं उज्जैन में एक, इंदौर में 0.5 मिलीमीटर बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दो दिन में और शक्तिशाली होने की संभावना है। दक्षिणी हरियाणा और उससे लगे उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। मानसून द्रोणिका श्रीगंगानगर, सिरसा, आगरा, बांदा, सीधी, संबलपुर से बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू पर द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। अलग-अलग स्थानों पर बनी इन मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आ रही है। इस वजह से अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कमलेश सिंह स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**इंदौर ●** इंदौर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री एस. बी. सिंह ने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य से स्टोर कीपर कमलेश सिंह को स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री कमलेश सिंह की नियुक्ति पर वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीश बोयत, अपाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश यादव, एस पी इंगले, जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, पुर्व जिला अध्यक्ष शेखर जोशी, संदीप धौलपुरे, मनोज मेहना, गौरव गवते, गौरव सोलंकी,महेंद्र पथरोड, महेश गोठवाल, सुनील साहू, कमल मिमरोट, प्रवीण सांखला, मनीष घनघोरिया, अखिलेश विश्वकर्मा, शिवाजी गायकवाड़, पार्थन पिल्लई, आदि साथियों ने कमलेश सिंह को बधाई दी है एवं प्रांतीय अध्यक्ष एस. बी. सिंह का आभार व्यक्त किया है।



### राजनीति की पाठशाला ने अधिवक्ता युक्ति राठी को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया

**इंदौर ●** सामाजिक संस्था 'राजनीति की पाठशाला' ने अपनी कार्यकारिणी को और मजबूत करते हुए युवा अधिवक्ता सुश्री युक्ति राठी को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा संस्था के संस्थापक डॉ. अजय पांडेय ने की। सुश्री राठी कानून के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। वे दी सुप्रीम राइट्स की संस्थापिका भी हैं, जिसके माध्यम से वे समाज में लीगल अवेयरनेस बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल कर रही हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली सुश्री राठी का पूरा परिवार विधि क्षेत्र से जुड़ा रहा है। उनकी पृष्ठभूमि और अनुभव को देखते हुए राजनीति की पाठशाला का मानना है कि उनके जुड़ने से संस्था को कानून और न्याय से जुड़े मुद्दों पर और मजबूती मिलेगी। डॉ. अजय पांडेय ने कहा कि सुश्री युक्ति राठी के नेतृत्व में पाठशाला का यूथ विंग समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा। हम उनके उज्ज्वल भविष्य और संस्था की निरंतर प्रगति की कामना करते हैं।



### महापौर एवं आयुक्त का शहरवासियों को संदेश

**इंदौर ●** गणेशोत्सव हमारे शहर की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इस वर्ष नगर निगम इंदौर द्वारा ईकोमय गणेशोत्सव प्रतियोगिता (27 अगस्त 2025 से 6 सितंबर 2025 तक) आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को और मजबूत करना है। मैं सभी गणेश पंडाल समितियों और शहरवासियों से आग्रह करता हूँ कि आप अपने पंडालों को 3ऋसिद्धांत पर आधारित बनाएँ और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें। आपकी छोटी-सी पहल न केवल प्रदूषण को कम करेगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ इंदौर का उपहार भी देगी। आइए, हम सब मिलकर इस गणेशोत्सव को भक्ति के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का भी पर्व बनाएँ और स्वच्छ, हरित एवं ईको-फ्रेंडली इंदौर की दिशा में एक और कदम बढ़ाएँ।

### स्वदेशी मिल में विराजित हुए श्री गणेश भगवान.

**इंदौर ●** 10 दिनों तक गणेश भगवान घर घर विराजित हो गए हैं । पूरे शहर में गणेश भगवान की धूम मची हुई है ।स्वदेशी मिल मे भी में बड़ी धूम धाम से गणेश जी की स्थापना विधि विधान पूजन के साथ पीड़ित द्वारा स्थापना की गई । इस अवसर पर समित के सदस्य एवं काफी संख्या इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया बर्षा नुसार इस बार भी गणेश पंडाल को सजाया गया है जहाँ पर गणेश भगवान को विराजमान किया गया । प्रति दिन पूजा आरती की जावेगी। समिति ने सभी भक्त गणों से गुजारिश है कि प्रति दिन की होनी वाली आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ लेवें ।

### आईकॉनिक 2025 टूरिज़्म समिट एवं अवॉर्ड्स का सफल आयोजन

**इंदौर ●** रेडहैट कम्युनिकेशन्स के आयोजित आईकॉनिक टूरिज़्म समिट 2025 का भव्य आयोजन आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह दिनभर चलने वाला आयोजन नीतिनिर्माताओं, राजनयिकों, उद्योग जगत के अग्रणियों, नवोन्मेषकों और सांस्कृतिक दूतों का संगम रहा, जहाँ भारत के पर्यटन के भविष्य पर विचार विमर्श हुआ।

# कांग्रेस की इंदौर कार्यकारिणी इस बार सबसे छोटी : 50 से भी कम पदाधिकारियों की छोटी टीम बनेगी, एक माह में तैयार करने के निर्देश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कांग्रेस के नए शहर और जिला अध्यक्ष 4 सितंबर को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही उनकी एक माह के अंदर शहर कांग्रेस कमेटी गठन करने की समय सीमा भी शुरू हो जाएगी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में ही बैठक में नए अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वह 1 महीने में अपनी टीम का गठन कर लें। 50 से भी कम पदाधिकारियों की छोटी टीम बनाई जाएगी।

नव नियुक्त कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि 4 सितंबर को पदभार ग्रहण करने के बाद कमेटी गठन की तैयारी शुरू करेंगे। पहले बूथ, वार्ड और ब्लॉक का गठन किया जाएगा। इसके बाद शहर कार्यकारिणी तैयार करेंगे। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर शहर के नए अध्यक्ष चिंटू चौकसे 50 लोगों की छोटी कार्यकारिणी बनाएंगे। कार्यकारिणी का स्वरूप क्या रहेगा यह एआईसीसी तय करेगी। इससे पहले कृपा शंकर शुक्ला के समय 51 लोगों की कार्यकारिणी बनी थी।

**50 से बड़ी टीम नहीं बनाएंगे चिंटू**-कांग्रेस की तैयार हो रही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे साथ ही प्रवक्ता भी बनाए जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि कमेटी छोटी रहेगी इसलिए इस बार सह-सचिव नहीं बनाएं जाएंगे। एआईसीसी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के लिए जो कार्यकारिणी तैयार की जाएगी उसमें 6



उपाध्यक्ष, 1 कोषाध्यक्ष, 1 संगठन मंत्री, 6 महासचिव, 7 सचिव के साथ कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य का फॉर्मेट रहेगा।

**प्रमोद टंडन ने बनाई थी 1350 लोगों की जंबो कार्यकारिणी**-कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2006-07 के बाद जब प्रमोद टंडन शहर अध्यक्ष बने थे तो उन्होंने इंदौर कांग्रेस की परंपरा को बदलते हुए सबसे बड़ी कार्यकारिणी तैयार की थी। टंडन ने उस समय लगभग 650 लोगों की जंबो कार्यकारिणी घोषित की थी। इसके बाद जब 2017-18 में प्रमोद टंडन पूर्णकालिक अध्यक्ष और विनय बाकलीवाल कार्यवाहक अध्यक्ष थे तब भी एक कार्यकारिणी घोषित की गई थी। यह इंदौर कांग्रेस के इतिहास की सबसे बड़ी कार्यकारिणी थी। इस समय टंडन और बाकलीवान ने 1350 लोगों की मेगा जंबो कार्यकारिणी घोषित की थी। कार्यकारिणी का पूरे देश में माखौल बनाया गया था।

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी से पूर्णकालिक अध्यक्ष बने विनय बाकलीवाल लगभग 4 साल से ज्यादा समय तक इंदौर कांग्रेस शहर अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज थे। लेकिन इस दौरान उन्होंने कभी कार्यकारिणी गठन का काम नहीं किया।

सूत्रों का कहना है कि दिसंबर 2022 में कांग्रेस शहर अध्यक्ष की कुर्सी बचाने के लिए बाकलीवाल ने आनन-फानन में 350 लोगों की जंबो कार्यकारिणी बनाकर कांग्रेस के सभी खेमों को खुश करने की कोशिश की थी। लेकिन भोपाल में कांग्रेस आलाकमान ने उनकी तैयार कार्यकारिणी की सूची को अप्रूव नहीं किया। जिस कारण वह अपने कार्यकाल में कार्यकारिणी की घोषणा नहीं कर पाएं। वर्तमान में अध्यक्ष सुरजित सिंह भी 100 लोगों की कार्यकारिणी की लिस्ट तैयार कर चुके थे। लेकिन भोपाल से यह भी जारी नहीं हो पाई।

## इस बार का गणेशोत्सव पंचगव्य आस्था के साथ पुण्य भी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इन्दौर में इस गणेशोत्सव पर पर्यावरण संरक्षण हेतु भिक्षुक पुनर्वास केंद्र के 28 हितग्राहियों ने समाज की मुख्यधारा में लौटकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक अद्भुत कदम उठाया है।

ये वही लोग हैं जिन्होंने अतीत की मुश्किलों (मानसिक विक्षिप्तता, भिक्षावृत्ति, नशा, मानव तस्करी के शिकार आदि) को हराकर आज अपने परिश्रम से पूर्णतः शुद्ध एवं पर्यावरण-हितैषी (म्बव-तिपमदकसल) पंचगव्य गोबर के भगवान् गणेश की सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया है। साथ ही गणेश जी के लिए मोतियों की सुन्दर माला व पूजा के लिए पवित्र गोबर से निर्मित अगरबत्ती, दीपक, अगरबत्ती स्टैंड, धूपबत्ती स्टैंड, रुई बाती एवं शुद्ध देसी कपूर की गोलियां भी इन्ही हितग्राहियों के द्वारा बनाये गए है।

**इन मूर्तियों की विशेषता**- पवित्र सामग्रीरू गौमाता का गोबर, दूध, दही, घी, गोमूत्र और गणेश जी की प्रिय दूर्वा से निर्मित। पर्यावरण संरक्षकरू प्रकृति में आसानी से विलीन, नदी-तालाबों के लिए सुरक्षित। प्रेरणा- यशस्वी




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वदेशी अपनाओ अभियान से प्रेरित। यह गणेश जी की पंचगव्य मूर्ति घर में सिर्फ गणेश जी की स्थापना नहीं, बल्कि उन व्यक्तियों का सम्मान होगा जिन्होंने भिक्षावृत्ति छोड़कर मेहनत और स्वाभिमान का मार्ग चुना है। यह एक पहल इन हितग्राहियों के स्वावलंबन व स्व-उत्थान के प्रयास को एक सार्थक मंच प्रदान करेगी।

आइये, इनकी मेहनत को सम्मान दें और इनके जीवन में आजीविका हेतु आशा का नया दीपक जलाएँ।

## श्री गणेश चतुर्थी पर घोघरे माईक्रोकेयर फाउंडेशन पर समाज सेवा का संकल्प

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** घोगरे माइक्रोकेयर फाउंडेशन छोटे व्यवसायों के उत्थान और वृद्धजन कल्याण के लिए समर्पित है। एक माइक्रोफाइनेंस संस्थान (एमएफआई) के रूप में, यह रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों और सूक्ष्म उद्यमियों को आपातकालीन तत्काल ऋण और कार्यशील पूंजी प्रदान करता है, जिससे वे अपनी आजीविका को बनाए रखने और व्यवसाय विस्तार करने में सक्षम होते हैं। किफायती ब्याज दरों और आसान दैनिक, साप्ताहिक, मासिक पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ, फाउंडेशन वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। घोगरे माइक्रोकेयर फाउंडेशन एक वृद्धाश्रम का संचालन करके, वृद्धजनों को निरंतर सुरक्षित देखभाल और चिकित्सा सहायता



प्रदान करते हुए, समुदायों की सेवा करेगा। यह वित्तीय साक्षरता कार्यशालाएँ आयोजित करेगा, छोटे व्यवसायों को मार्गदर्शन देगा और रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए नियमित रूप से रोज़गार मेलों का आयोजन करेगा। अपनी स्वस्थ सेवा पहल के माध्यम से, फाउंडेशन निरंतर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा, आँखों की सर्जरी करेगा और रक्तदान अभियान चलाएगा। यह महिला सशक्तिकरण के तहत निरंतर कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाएगा, साथ ही एक अधिक समावेशी और संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण में भी योगदान देगा।

## निगम की सख्त कार्रवाई : 3620 वर्गमीटर शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त

### जिला व निगम प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कलेक्टर आशीष सिंह एवं आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम इंदौर ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए झोन क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 77, ग्राम कैलोद करताल स्थित खसरा क्रमांक 622 की 3620 वर्गमीटर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

यह भूमि लंबे समय से लाल सिंह पटेल द्वारा अवैध कब्ज़े में लेकर नर्सरी के रूप में उपयोग की जा रही थी, जहाँ लगभग 5000 पौधे रखे गए थे। प्रशासन द्वारा पूर्व में नोटिस देकर तीन दिन की मोहलत दी गई थी, जिसके बाद निगम अमले ने तहसीलदार व पटवारी की उपस्थिति में कार्रवाई कर कब्ज़ा हटाया। भूमि का



अनुमानित मूल्य लगभग 5.43 करोड़ आँका गया है।

अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान 20 प्रतिशत पौधे हटाए जा चुके हैं और शेष हटाने का कार्य जारी है। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कब्ज़ा हटाई गई भूमि पर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

## पंद्रह दिन पहले भी भूपेंद्र कर चुका था आत्महत्या की कोशिश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर में बार संचालक भूपेंद्र रघुवंशी आत्महत्या केस में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अभी परिजनों के बयान नहीं हुए है, लेकिन भूपेंद्र के नौकर, ड्रायवरों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि भूपेंद्र ब्लैकमेल करने वाली इति तिवारी के कारण मानसिक तनाव में था। वह ज्यादातर समय एकांत में रहता था। पंद्रह दिन पहले भी उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

इति तिवारी से भूपेंद्र की दो साल पहले उसके ही पब में मुलाकात हुई थी। वह अपनी बहन व दोस्तों के साथ पार्टी में आई थी। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हो गई। इति का एक घर महालक्ष्मी नगर में है। उसकी जॉब मुबंई में लगी, लेकिन वह हर सप्ताह इंदौर आती थी।

वह हमेशा भूपेंद्र पर नजर रखती थी। लगातार विवाद करने, रेप का केस दर्ज कराने की धमकियों के कारण भूपेंद्र इतना तनाव में रहने लगा था कि वह इति का सामना करने से डरता था। वह धमकियां देने के लिए वाट्सअप कॉल करती थी। पुलिस अब भूपेंद्र को मोबाइल के डेटा की जांच करेगी, ताकि इति के खिलाफ सबूत एकत्र हो सके। इति की हरकतों का पता भूपेंद्र की पत्नी को भी था। पुलिस पत्नी के भी बयान लेगी। यदि पर्याप्त सबूत मिले तो पुलिस इति तिवारी के खिलाफ आत्महत्या का केस भी दर्ज कर सकती है। आपको बता दें कि इंदौर में पब संचालक भूपेंद्र ने जहरीला इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके पास से पुलिस ने सुसाइड नोट भी बरामद किया है।

## श्री गणेश चतुर्थी पर 251 हितग्राहियों का गृह प्रवेश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ताप्ती परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मधु वर्मा की उपस्थिति में 251 हितग्राहियों को आवास के अधिकार पत्र वितरित किए गए। महापौर ने हितग्राहियों के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होकर उन्हें नए घर की शुभकामनाएँ दीं।

विधायक श्री वर्मा ने कहा कि यह योजना गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को आत्मविश्वास और स्थिरता प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य, निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

### बद्रीनाथ धाम की प्रतिकृति में विराजे नंदानगर के राजा

**इंदौर ●** नंदानगर गणेश मंदिर परिसर पर आयोजित गणेश उत्सव मे बुधवार को नंदानगर के राजा बद्रीनाथ धाम मंदिर की प्रतिकृति में विराजे। साधु संतों ने पूजन अर्चन किया,10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत महाआरती के साथ हुई। आयोजन प्रमुख विधायक रमेश मेंदोला ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को गणेश उत्सव मे गणेश मंदिर परिसर पर बद्रीनाथ धाम मंदिर की प्रतिकृति में नंदा नगर के राजा की 16 फीट की मूर्ति वेद मंत्रों के बीच स्थापित की गई। आचार्यों विद्वानों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन किया। नंदानगर के राजा की महाआरती की गई जिसमें हजारों भक्तगण के साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला,भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य शामिल हुए। विधायक मेंदोला ने बताया कि वही बच्चों के लिए वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों बच्चे महापुरुषों देवी देवताओं का रूप धारण करके आए यह प्रतियोगिता प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, आरती के बाद शिव महापुराण कथा की भी शुरुआत हुई।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजवाड़ा पर किया जीतू पटवारी और राहुल गांधी का पुतला दहन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कांग्रेस के प्रदेश पर अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की मातृशक्ति पर दिए गए अभद्र बयान जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश की महिलाओं को सबसे ज्यादा शराब पीने वाली बताया है जो कि शर्मनाक और आपत्तिजनक बयान है, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शैलजा मिश्रा ने कहा कि हरतालिका तीज जैसे पावन अवसर पर जब देशभर की महिलाएं श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला व्रत रखती हैं, उस दिन प्रदेश भर कि मातृशक्ति का अपमान करना कांग्रेस की दूषित मानसिकता को उजागर करता है।क्या यही कांग्रेस की महिलाओं के प्रति असली सोच है क्या राहुल गांधी के इशारे पर जीतू पटवारी तीज जैसे पवित्र पर्व पर महिलाओं का घोर अपमान कर रहे हैं भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस की यह संकीर्ण व दूषित सोच प्रदेश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। महिला मोर्चा ने मांग की है कि जीतू पटवारी को इस टिप्पणी के लिए सभी मातृशक्तियों से माफी मांगनी होगी।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

# 17 करोड़ बच्चों का आधार अपडेट किया जाएगा

## युआईडीएआई और शिक्षा मंत्रालय एक साथ करेंगे काम

**भोपाल (एजेंसी)** • यूनिक आइडेंटिफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने स्कूलों से अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की व्यवस्था तेज करने का अनुरोध किया है, ताकि 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के अधिक सटीक आधार रिकॉर्ड प्रक्रियाओं के दौरान छात्रों और उनके परिवारों को होने वाली असुविधाएँ ना हो।

सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल ऐजुकेशन एंड लिटरेसी के सहयोग से किए जाएंगे ताकि छात्रों के आधार की एमबीयू स्थिति को यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस प्लेटफॉर्म के साथ इंटिग्रेट किया जा सके.अधिकारियों ने कहा, ष्यह कदम स्कूलों को केवल यूडीआईएसई. ऑनलाइन टूल में अपने छात्रों का डेटा देखने और छात्रों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट कैंप आयोजित करने में सक्षम बनाने की एक पहल का हिस्सा है । लगभग 17 करोड़ आधार नंबर ऐसे बच्चों के हैं जिन्हें 5 वर्ष या 15 वर्ष की आयु में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की आवश्यकता होती है. ये दोनों अपडेट महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बच्चे के बायोमेट्रिक्स (उंगलियों के निशान, आंख की पुतली और तस्वीर) में उनके विकास के दौरान कई बदलाव होते हैं. अगर ये दोनों अपडेट पूरे नहीं किए गए, तो बच्चों को लाभकारी सहायक सेवाओं, परीक्षा




पंजीकरण और डिजिटल सेवा प्रक्रियाओं तक पहुंचने के लिए आवश्यक प्रमाणीकरण प्रक्रिया को पूरा करने में कठिनाई होगी।

आधार का समय पर बायोमेट्रिक्स अपडेट न करने से अक्सर दिक्कत होती है. छात्र और अभिभावक अक्सर परेशान होते देखे जा सकते है। आधार संबंधी कई चुनौतियों को गंभीरता से रेखांकित करते हुए न्क ।प् ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर स्थानीय शिक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का अनुरोध किया है, ताकि यह पहल बिना किसी समस्या के चल सके.।

पत्र के अनुसार स्कूलों के माध्यम से एक शिविर का आयोजन लंबित मैंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट को पूरा करने में मददगार हो सकता है, क्योंकि सबसे बड़ी समस्या यह थी कि स्कूलों को कैसे पता चलेगा कि किन छात्रों ने बायोमेट्रिक अपडेट नहीं किए हैं. यूआईडीएआई और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों का धन्यवाद, जिन्होंने यूडीआईएसई. एप्लिकेशन का उपयोग करके इस समस्या का सफल समाधान प्रस्तुत किया है. अब सभी स्कूल लंबित एमबीयू देख सकते हैं।

### नया सिस्टम कैसे काम करेगा?

न्कैप्. प्लेटफॉर्म, जिसमें भारत में स्कूली शिक्षा के सबसे महत्वपूर्ण डेटासेट शामिल हैं, नामांकित छात्रों की आधार एमबीयू स्थिति का विस्तार करेगा और इससे स्कूलों को रियल टाइम में लंबित बायोमेट्रिक अपडेट वाले छात्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी. अधिकारियों ने कहा कि यह डेटा-संचालित दृष्टिकोण अनुमान लगाने की प्रक्रिया को समाप्त करेगा, लक्षित पहुंच सुनिश्चित करेगा और एमबीयू के लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करने में मदद करेगा।

### छात्रों और अभिभावकों के लिए लाभ

छात्रों के लिए आधार बायोमेट्रिक्स का समय पर अपडेट कई प्रकार की सेवाओं और अधिकारों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा, इनमें प्रतियोगी और विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्रता शामिल हैं. इसके अलावा स्कूल से कॉलेज में स्थानांतरण के दौरान आसान प्रमाणीकरण. अभिभावकों के लिए स्कूलों में शिविर लगाने से आधार केंद्रों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता कम हो जाएगी, जिससे समय और मेहनत की बचत होगी.

### राष्ट्रीय प्राथमिकता

लगभग 17 करोड़ लंबित अपडेट के साथ यूआईडीएआई-शिक्षा मंत्रालय की पहल हाल के वर्षों में सबसे बड़े डेटा सुधार और आउटरीच अभियानों में से एक है. विशेषज्ञों का कहना है कि यह भारत की शिक्षा और कल्याण संरचना से जुड़ी एक आधारभूत पहचान प्रणाली के रूप में आधार की केंद्रीयता को भी रेखांकित करता है.

पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए आधार नामांकन चेहरे की तस्वीरों और जनसांख्यिकीय डेटा के साथ किया जाता है, जबकि पांच साल की उम्र में बायोमेट्रिक विवरण अनिवार्य हो जाते हैं. बच्चे के पंद्रह साल का होने पर इन बायोमेट्रिक्स को एक बार फिर अपडेट किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि रिकॉर्ड जीवन भर उपयोग के लिए विश्वसनीय रहें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बुंदेलखंड महापरिषद द्वारा आयोजित भजन संध्या में झूमे हजारों भक्त, गायक पलक और सैनी ने दी भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां



**इंदौर** • बुंदेलखंड महा परिषद द्वारा हरतालिका तीज के पावन पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक परविंदर पलक,सुमित सैनी ने अपने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। आयोजन प्रमुख राज दीक्षित ने बताया कि भजन संध्या आयोजित की गई जिसमे भजनों पर हजारों भक्त झूमे,इसमें कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,विधायक रमेश मेंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सम्मिलित होकर भजन गायकों का सम्मान किया। भजनों पर महिलाएं खूब झूमीं,भजन संध्या में हजारों भक्तगण मौजूद थे।

### विद्याधाम पर महागणपति परिवार का 11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन, 211 विद्वानों ने किया पाठ

**इंदौर** • विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में बुधवार को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में केशर मिश्रित गौदुग्ध से 211 विद्वान भूदेवों द्वारा गणपति अथर्वशीर्ष के 2100 पाठ कर 11 हजार लड्डुओं से सहस्त्रार्चन किया गया। श्री विद्याधाम पर रिद्धि-सिद्धि, तुष्टि-पुष्टि, श्री-लाभ, आमोद-प्रमोद एवं गणेशजी की सवारी मूषक सहित गणेशजी का पूरा परिवार विराजित है। दस दिवसीय गणेशोत्सव में यहां प्रतिदिन सुबह षोडशोपचार पूजन, अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष के 121 पाठ तथा लड्डु एवं मोदक से सहस्त्रार्चन आराधना होगी। इसकी शुरुआत बुधवार से हो गई। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर प्रथम पूज्य गणेशजी का ऐसा भी मंदिर स्थापित है, जहां वे अपनी पांच पत्नियों के साथ-साथ दोनों पुत्र और पोतों के साथ विराजित हैं। यह गणेशजी का इकलौता ऐसे मंदिर है, जहां पर वह अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद है। मंदिर के न्यासी पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस मंदिर में भगवान गणेश अपनी पांच पत्नियों (ऋद्धि, सिद्धि, तुष्टि, पुष्टि, श्री), दो पुत्रों (लाभ, शुभ) और दो पोतों (आमोद, प्रमोद) के साथ विराजमान है। बुधवार को गणेशोत्सव के पहले दिन यहां के वेदपाठी विद्वानों और न्यासी मंडल के सदस्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में इस मंदिर में मोदक का भोग समर्पित कर पूजा अर्चना की। मंदिर पर प्रतिदिन पूरे गणेश परिवार का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जाएगा।

### गीता भवन में 1008 लड्डुओं एवं दुर्वा से अर्चन हुआ भगवान गणेश का



**इंदौर** • मनोरमागंज स्थित गीता भवन में नियमित सत्संग सभा के बाद सुबह गणेशोत्सव का शुभारंभ भगवान गणेशजी को 1008 लड्डुओं एवं दुर्वा से अर्चन के साथ हुआ। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में गणेशजी को भोग भी समर्पित किया गया। इस अवसर पर न्यासी मंडल की ओर से प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, मनोहर बाहेती, दिनेश मित्तल, राजेश गर्ग केटी, पवन सिंघानिया, हरीश माहेश्वरी ने भी पूजा-अर्चना की। गीता भवन में गणेशोत्सव के दसों दिन सुबह गणेशजी का पूजन-अर्चन होगा। प्रतिदिन सुबह 9 से 10.30 एवं सांय 5 से 6 बजे सत्संग एवं प्रवचन होंगे। ।

## पुलिस की सक्रियता से परिजनों को मिली राहत, नाबालिग सुरक्षित लौटी, नाबालिग संदेही को अभिरक्षा में लिया

**मनीष राठौर**

**सुसनेर • दैनिक इंदौर संकेत**

थाना पुलिस ने अपनी त्वरित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मात्र दो घंटे में अपहृत 11 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे बहला-फुसलाकर ले जाने वाले नाबालिग संदेही को भी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लक्ष्मीपुरा निवासी ने थाना सुसनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री को ग्राम भवानीपुरा का रहने वाला एक नाबालिग बहला-फुसलाकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 197/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने विशेष पुलिस टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रवींद्र कुमार बोयट और एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक केशर राजपूत के नेतृत्व में टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिरों को लगाया, आसपास क्षेत्र का गहन अध्ययन किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले एवं तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने मात्र दो घंटे के भीतर गुना जिले के मधुसूदनगढ़ से बालिका को सकुशल बरामद कर लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं, आरोपी नाबालिग को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड आगर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक केशर राजपूत, उपनिरीक्षक जितेन्द्र चौहान (तकनीकी शाखा), सउनि धर्मेन्द्र पाटीदार, सउनि जितेन्द्र झा, सउनि नारायण पुरी, प्रआर महेश पाटीदार, प्रआर भगवान सिंह दांगी, आरक्षक पवन जावरिया, आरक्षक देवेन्द्र गुर्जर एवं महिला आरक्षक मोना राजपूत की अहम भूमिका रही।

## मरीमाता चौराहा स्थित सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर पहले दिन से ही जुटने लगा भक्तों का मेला



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मरीमाता चैराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर बुधवार को गणेशोत्सव के पहले दिन गणेशजी की दिव्य प्रतिमा का पुणे के प्रख्यात दगड़ू सेठ के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके पूर्व 11 विद्वानों ने मंत्रोच्चार के बीच दूध एवं फल-फूल से अभिषेक कर गणेशजी को छप्पन भोग समर्पित किए। मंदिर पर दस दिवसीय गणेशोत्सव के कार्यक्रम भी निर्धारित हो गए हैं। महोत्सव में दसों दिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

संयोजक एवं विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि मंदिर पर श्रृंगार दर्शन एवं चौराहे पर भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। मंदिर के प्रवेश द्वार एवं दाएं-बाएं बेरिकेट्स लगाकर भक्तों को नियंत्रित करने की व्यवस्था की गई है, ताकि चौराहे का यातायात बाधित न हो सके। आज महोत्सव के पहले दिन ही सिद्ध विजय गणेश के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। रात्रि को महाआरती में पूर्व पार्षद राजेंद्र शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, दीपेन्द्रसिंह सोलंकी, क्षेत्र के पार्षदों सहित अनेक विशिष्टजन शामिल हुए।

### खुशियों की दास्तां

## दिल का ऑपरेशन होने से अब पूरी तरह स्वस्थ है अव्यांश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खंडवा** • जिले के विकासखण्ड खालवा के ग्राम लंगोटी निवासी श्री अजय साल्वे के पुत्र अव्यांश को जन्म से ही सीने में दर्द रहता था, और तबियत अक्सर खराब बनी रहती थी। अजय ने अपने पुत्र अव्यांश को जिला चिकित्सालय खण्डवा में दिखाया तो यहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा अव्यांश की जरूरी जांचे कर उसे इंदौर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर्स को दिखाने की सलाह दी। संभागायुक्त इंदौर संभाग श्री दीपक सिंह की पहल पर सत्य साई स्कूल में लगे स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा ईको करने पर अव्यांश के हृदय में छेद होने की बात बताई। विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने नि:शुल्क सर्जरी के लिए अहमदबाद के सत्य साई हॉस्पिटल भेजा। इस वर्ष जुलाई माह में अव्यांश को वहां भर्ती किया और आवश्यक जांच परीक्षण करने के बाद उसके हृदय की नि:शुल्क सर्जरी की गई। अव्यांश के पिता श्री अजय ने बताया कि हमें वहां बहुत अच्छी सुविधाएं मिली। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई। मेरे पुत्र का ऑपरेशन अच्छे से हो गया है। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है तथा अच्छी तरह खेलता कूदता है। इसके लिए अजय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बार-बार आभार प्रकट करता है।

## अंदर घुसे नफरत के कचरे और द्वेष की गठान को खोलकर एक दूसरे के प्रति प्रेम और माधुर्य के भाव से जीने का पुरुषार्थ करें



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • क्षमा करने वाला महान होता है, मन में नफरत अथवा द्वेष की गठान बांधने वाला जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकता। जीवन बहुत छोटा है। एक पल में सुनामी, भूकंप, बाढ़ और दुर्घटना में सब कुछ नष्ट हो सकता है, इसलिए जीवन को धन्य बनाने के लिए पहला प्रयास यही करें कि हम किसी की निंदा नहीं करें, एक-दूसरे की टांग नहीं खींचे और एक-दूसरे को नीचा दिखाने का काम नहीं करें। अनुमोदना भले ही न करें, पर किसी की निंदा भी नहीं करें। पर्युषण का महापर्व तभी सार्थक होगा, जब हम अपने अंदर घुसे हुए नफरत के कचरे को निकालकर और द्वेष की गठानों को खोलकर एक-दूसरे के प्रति आपस में प्रेम, स्नेह और माधुर्य के भाव से जीने का पुरुषार्थ करेंगे। ये भावपूर्ण विचार हैं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान और पर्युण महापर्व के सातवें दिन संवत्सरी प्रतिक्रमण की धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जैनाचार्य ने कहा कि क्षमा करने का आनंद पूरे जीवनभर मिल सकता है। इंदौर में समाजबंधुओं ने चातुर्मास में अदभुत एकता और आपस में सामंजस्य समन्वय का परिचय दिया है, जिसकी अनुमोदना की जाना चाहिए।

## वैदिक मंत्रोच्चार एवं बप्पा के जयघोष के बीच खजराना गणेश के भक्तों को बांटा गया सवा लाख मोदक का प्रसाद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • खजराना गणेश मंदिर पर बुधवार सुबह दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं गणपति बप्पा के जयघोष के बीच मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह, मंदिर प्रशासक निगमायुक्त शिवम वर्मा, मंदिर के महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त अमरेन्द्रसिंह, क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। गणेशजी को स्वर्ण मुकुट तथा मोतियों का चोला भी समर्पित किया गया। भक्त मंडल की ओर से इस बार भी सवा लाख मोदक निर्मित कर भक्तों को प्रसाद के रूप में बांटा गया। कलेक्टर आशीषसिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने मोदक प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया।

## परदेशीपुरा क्षेत्र के सभी अग्रवाल संगठन मिलकर धूमधाम से मनाएंगे महाराजा अग्रसेन की जयंती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अग्रवाल पंचायत एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल परदेशीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती 18 एवं 19 सितम्बर को धूमधाम से मनाई जाएगी। पंचायत के अध्यक्ष गणेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र के सभी संगठनों की बैठक में सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि सभी कार्यक्रम परदेशीपुरा स्थित राखोड़ीवाला मांगलिक भवन पर आयोजित होंगे तथा 19 सितम्बर को सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इस मौके पर अग्रवाल पंचायत, नवयुवक मंडल एवं अग्र चेतना महिला मंडल का पुनर्गठन भी हुआ। अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का चयन भी इस अवसर पर किया गया। अग्रवाल पंचायत में वरिष्ठ समाजसेवी गणेश गोयल अध्यक्ष, दिलीप अग्रवाल मंत्री, अशोक ऐरन उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश मित्तल कोषाध्यक्ष एवं प्राणेश बंसल सचिव मनोनीत किए गए, जबकि नवयुवक मंडल में पवन ऐरन अध्यक्ष, रितेश गोयल मंत्री, मयूर गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं रत्नेश अग्रवाल सहमंत्री मनोनीत किए गए।

## सम्पादकीय

### जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से प्रशासनिक ढिलाई का सच आया सामने, हर आपदा के बाद ही क्यों अलर्ट होता है अमला?

जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग परस्खलन से हुआ हादसा दिल दहला देने वाली घटना है। माना जा रहा है कि मलबे में अभी भी कई लोग दबे हो सकते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह त्रासदी कितनी भयावह है। इस हादसे ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। मसलन, जब इस तरह की आपदा को लेकर पहले से चेतावनी जारी की गई थी तो श्रद्धालुओं को रोका क्यों नहीं गया? अगर अधिकारी समय रहते कदम उठाते, तो जानी नुकसान को टाला जा सकता था। यही नहीं, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। कई आवासीय इलाके जलमग्न हैं, दूरसंचार सेवाएं ठप हैं और सड़कों के अवरुद्ध होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऐसा लगता है कि शासन और प्रशासन ने पूर्व में आई प्राकृतिक आपदाओं से कोई सबक नहीं लिया है। इससे पहले हाल में किश्तवाड़ में बादल फटने से आई बाढ़ में कई लोगों की जान चली गई थी। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर कहा जा रहा है कि भूस्खलन की वजह बादल फटने का परिणाम था और भारी बारिश के मद्देनजर इस हादसे से पहले ही वैष्णो देवी मार्ग पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। जबकि, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अधिकारियों से पूछा है कि जब आपदा की पूर्व चेतावनी दी गई थी तो तीर्थ यात्रियों को मार्ग पर जाने से क्यों नहीं रोका गया। मगर, सवाल यह भी है कि अगर यात्रा रोक दी गई थी तो हादसे में इतने लोगों की जान कैसे चली गई? इसमें दोराय नहीं कि भूस्खलन और बाढ़ की इस आपदा से उबरने में लोगों को काफी वक्त लगेगा, क्योंकि पुलों और सड़कों से लेकर इमारतों तथा सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को काफी क्षति पहुंची है।

# मोदी युग का भारत: हम क्या थे, क्या हो गए और क्या होंगे अभी

स्वतंत्रता के बाद भारत ने राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अनेक संकटों का सामना किया। सीमाओं पर युद्ध, आंतरिक रूप से आतंकवाद और नक्सलवाद, और प्रशासनिक अक्षमता देश के विकास में बाधक रहे। भारत एक संभावनाशील लेकिन दिशाहीन राष्ट्र की तरह था। नीतिगत निर्णयों में पारदर्शिता का अभाव, योजनाओं का अधूरा क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार की व्यापकता, और आम नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की सीमित पहुँच – ये सब भारत की पहचान बन गए थे। बेरोजगारी, महँगाई और कुपोषण जैसी समस्याएँ स्थायी लगने लगी थीं। रक्षा क्षेत्र में अत्यधिक विदेशी निर्भरता थी, विज्ञान, डिजिटल प्रौद्योगिकी और स्वदेशी निर्माण में गति की कमी थी। शासन और जनता के मध्य संवादहीनता थी और सबसे बड़ी बात – आत्मविश्वास का गहरा अभाव था। वैश्विक मंचों पर भारत अक्सर केवल एक सहभागी देश बनकर रहता, नेतृत्वकर्ता के रूप में उसकी कोई अलग पहचान नहीं थी।



### हम क्या हो गए

2014 में श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, पारदर्शिता और भागीदारी की नई यात्रा शुरू की। 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के सिद्धांत पर चलते हुए सरकार ने योजनाओं को आम जन तक पहुँचाने में अभूतपूर्व सफलता पाई। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी, जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन किया। डिजिटल इंडिया अभियान ने प्रशासनिक प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ा, और यूपीआई जैसी प्रणालियाँ भारत को वैश्विक डिजिटल शक्ति में बदल गईं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने विद्यार्थियों को मातृभाषा में शिक्षा, बहु-विषयक पाठ्यक्रम, और कौशल विकास जैसे अवसरों से जोड़ा। स्टार्टअप इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन और स्किल इंडिया जैसी पहलों ने नवाचार और उद्यमिता को गति दी।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ प्रगति हुई। मेक इन इंडिया के तहत स्वदेशी रक्षा उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़त दर्ज हुई, और सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने भारत की रणनीतिक छवि को सशक्त किया। 'वन रैंक, वन पेंशन' जैसी जटिल मांगों का समाधान किया गया। कूटनीति में भारत अब न केवल सक्रिय, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में है—जी-20 की अध्यक्षता, चंद्रयान-3 की सफलता, इंटरनेशनल योग दिवस और वैक्सीन मैत्री जैसे अभियानों ने भारत को वैश्विक नीति निर्धारकों की प्रथम पंक्ति में ला खड़ा किया है।

### क्या होंगे अभी

मोदी युग का भारत अब केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक विचार है – आत्मनिर्भरता, समावेशिता और वैश्विक कल्याण का विचार। अमृतकाल में प्रवेश कर चुका भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। यह एक ऐसा भारत होगा जहाँ हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएँ सहजता से उपलब्ध होंगी, डिजिटल और ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय होगा, और युवाओं को नवाचार, शोध और उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे। भारत की विदेश नीति केवल अपनी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वैश्विक संकटों के समाधान में उसका सक्रिय योगदान होगा।

प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि ने देश को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास जैसे मंत्रों के माध्यम से एकजुट किया है। 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियान न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर भी संकेत करते हैं। 'स्वच्छ भारत', 'हर घर जल' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' जैसे अभियान राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण कर रहे हैं।

इस प्रकार, यह कालखंड केवल एक राजनीतिक शासन नहीं है, यह नवभारत के निर्माण की आधारशिला है – एक ऐसा भारत जो भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार है, और जो विश्व को नेतृत्व देने की योग्यता रखता है।



लेखक–**डा मनमोहन प्रकाश,**
स्वतंत्र पत्रकार

## आंचलिक

# कुत्ता गुम होने पर पुलिस अधिकारी ने आरक्षक की कर दी पिटाई

### पत्नि के सामने अधिकारी की पत्नि ने कहे जाति सूचक शब्द

**खरगौन ● दैनिक इंदौर संकेत**

पुलिस लाईन में पदस्थ रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाह पर अपने बंगले पर तैनात आरक्षक की बेल्ट से पिटाई कर घायल करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरआई के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर जयस पदाधिकारियों के साथ पीड़ित आरक्षक नेपत्नि के साथ हाईवे पर चक्काजाम प्रदर्शन किया। दोपहर 1 से समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के आला अधिकारी समझाईश के लिए पहुंचे लेकिन नतीजा सिफर रहा। प्रदर्शनकारी एसपी को मौके पर बुलवाने की



मांग पर अड़े रहे प्रदर्शन में शामिल पीड़ित आरक्षक राहुल चौहान ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसे आरआई के बंगले पर बच्चा और पालतू कूत्ता संभालने की ड्यूटी पर लगाया गया था। 8 अगस्त को रात के समय आरआई ने कुत्ता गुम होने से नाराज होकर इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित घर पर आकर पुलिस वाहन में बैठाकर बंगले पर लाए। यहां बंधक बनाकर बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की। जब में घर नही पहुंचा तो पत्नि जयश्री तलाशते हुए बंगले पर पहुंची। उसके सामने भी आरआई ने पिटाई की और आरआई की पत्नि ने जातिसूचक शब्द कहते हुए अपमानित किया। आरक्षक चौहान ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी आला अधिकारियों से मदद नही मिली, जिसके चलते उसने समाजजनों के बीच अपने साथ हुई घटना साझा की। अजाक थाने पर जांच के बाद कार्रवाई की बात कहने पर जयस कार्यकर्ता बिफर पड़े और थाने के सामने खंडवा-बड़ौदा हाईवे पर जाकर धरना दे दिया। यह प्रदर्शन दोपहर 1 बजे से समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन कर रहे पीड़ित आरक्षक, उनकी पत्नि जयश्री चौहान एवं जयस पदाधिकारी मौके पर एसपी को बुलाने की मांग को लेकर अड़े रहे।

# 10 दिन सराफा स्थित प्राचीन स्वयंभू चिंतामण गणेश मंदिर में दर्शन को उमड़ेगें श्रद्धालु

**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

दादाजी की पावन नगरी में भगवान श्री गणेश के बुधवार के दिन गणेश चतुर्थी पर जगह-जगह भगवान श्री गणेश की स्थापना हुई। खंडवा नगर में सैकड़ो पंडालो के साथ घर-घर पर भगवान श्री गणेश विराजमान किए गए समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सराफा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव उत्साह के मनाया जाएगा । मंदिर के पुजारी नरेंद्र शर्मा अंबिकेश शर्मा द्वारा प्रतिदिन भगवान श्री गणेश का अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार के साथ प्रात्काल एवं रात्रि में भगवान गणेश की महाआरती की जा रही है। समाजसेवी सुनील जैन एवं सराफा के गोपाल सोनी ने बताया कि पुरातत्व विभाग के अंतर्गत सर्वे अनुसार यह स्वयंभू प्राचीन मूर्ति लगभग 700 वर्ष पुरानी है। एक और अपने आप में चमत्कार है कि भगवान श्री गणेश की पाषाण की यह प्रतिमा अपनी जगह पर लगभग 35 डिग्री झुकी हुई है और बिना सहारे के व्यवस्थित रूप से है। होलकर स्टेट द्वारा छोटा मंदिर यहां बनवाया गया था उसके पश्चात सराफा



संगठन द्वारा सभी ने मिलकर कुछ वर्ष पूर्व 51 फुट ऊंचा मार्बल का भव्य मंदिर का निर्माण किया हे। राजस्थान के कारीगरों द्वारा इसका निर्माण किया गया जिसमें 4 बाय 6 फुट का शिव परिवार व दीवारों पर अष्टविनायक की 8 प्रतिमाओं को उकेरा गया है जो मंदिर को सुसज्जित कर रही है। भगवान गणेश की प्रतिमा के पीछे 21 फीट ऊंचाई का अति प्राचीन जय स्तंभ है जो जमीन से 4 फीट ऊपर और लगभग 17 फीट जमीन के अंदर है जो संभव तो भगवान शिव को समर्पित है। प्रतिदिन श्रद्धालु आकर भगवान चिंतामणी श्री गणेश के दर्शन करते है।

# निरंजन लाल फाउंडेशन ने बनाई मिट्टी की प्रतिमाएं, गणेशभक्त परिवारों को स्थापना के लिए किया वितरण

**रविन्द्र परमार**

**खरगौन ● दैनिक इंदौर संकेत**

श्री गणेशोत्सव पर शहर के सामाजिक संस्था निरंजन लाल फाउंडेशन ने अनोखी पहल की है। फाउंडेशन ने कल कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित बाल शिक्षा केंद्र में मिट्टी से गणेश बनाओ और स्थापना करो का संदेश लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस शिविर में गत दिनों केंद्र के बच्चों ने उत्साह से भाग लेकर करीब 151 प्रतिमाएं तैयार की। इन प्रतिमाओं का गणेश चतुर्थी पर समारोहपूर्वक वितरण किया गया।

संस्था चेयरमेन कैलाश अग्रवाल ने श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतिमाएं वितरित करते हुए अपने घरों में स्थापित कर ज्ञान, बुद्धि, समृद्धि के दाता श्रीगणेश की आराधना का आह्वान भी किया। संस्था के प्रितेश अग्रवाल ने बताया प्रशिक्षण शिविर में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक रंगों से मिट्टी की मूर्तियों की सजावट की गई है। आशुतोषअग्रवाल ने बताया कि इन प्रतिमाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह शुद्ध निमाड़ की मिट्टी से निर्मित हैं। इनमें किसी भी प्रकार के रासायनिक रंग, प्लास्टर ऑफ पेरिस या कृत्रिम पदार्थों का उपयोग नहीं किया गया है।

# भगवान गणेश को आर्टिफिशियल अमेरिकन डायमंड, मोती और माणिक से सजा एक खास आकर्षक और अद्भूत मुकुट पहनाया

**खरगौन ● दैनिक इंदौर संकेत**



शहर के कुंदा तट स्थित करीब 500 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक महिला श्रदालु ने भगवान गणेश को आर्टिफिशियल अमेरिकन डायमंड, मोती और माणिक से सजा एक खास आकर्षक और अद्भूत मुकुट पहनाया। स्थानीय श्रदालु वीणा सोनी ने करीब 15 दिन में 20 घंटे की कड़ी मेहनत से खास अब तक का सबसे बडा मुकुट तैयार कर भगवान को भेट किया 2 फुट का यह मुकुट भगवान के मस्तक पर गणैश उत्सव सहित साल भर सुशोभित रहेगा। टैगोर पार्क निवासी वीणा सोनी ड्राइंग और क्राफ्ट क्लास चलाती हैं। वे बताती है मुकुट को गोल्डन लुक दिया गया है।

इसमें आर्टिफिशियल अमेरिकन डायमंड हीरे, मोती और माणिक से सजाया है। भगवान श्रीगणेश के प्रति श्रद्धा के चलते तैयार किया है। वीणा का कहना था की में खुश किस्मत हूं कि हमें यह अवसर मिला। श्री सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश की पाषाण प्रतिमा एक पाषाण पर बनी हुई है।

इस पर हमारा 2 बाय 2 का आकर्षक मुकट भगवान सिर पर सुशोभित रहेगा। गौरतलब है की मूर्ति में भगवान के हाथों में शिवलिंग की अंगूठी, गले में रुद्राक्ष की माला और सुंड पर नाग बना हुआ है। गणेश उत्सव में मंदिर समिति भगवान का हर दिन अलग-अलग भव्य श्रृंगार करती है।

# तप त्याग और तपस्या के महान पर्युषण पर्व महोत्सव का आयोजन आज से प्रारंभ

**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

तब त्याग और तपस्या की महान पर्यूषण पर्व का शुभारंभ आज से शुरू होगा। दिगंबर जैन मंदिरों में पर्यूषण पर्व की तैयारी हो चुकी है। दस दिनों तक चलने वाले पर्व में मंदिरों में पूजा अर्चना भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं दस लक्षण मंडल विधान की पूजा की जायेगी समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि पर्व का मुख्य आयोजन सराफा पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में आयोजित होंगा जहां चातुर्मास के लिए विराजमान उपाध्याय विश्रुत सागर जी महाराज एवं निर्वेद सागर जी महाराज का सानिध्य हमें प्राप्त होगा उनके प्रवचनों का लाभ भी सभी को मिलेगा। अत्यन्त हर्ष एवं पुण्य का अवसर है कि इस वर्ष आप और हम सभी श्री पर्युषण महापर्व 28 अगस्त गुरूवार से 6 सितम्बर



शनिवार तक अत्यंत भक्ति भाव पूर्वक मनायेगे। इस महा मांगलिक पर्व पर जिनवाणी श्रवण के लिए हम सभी को परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागरजी के ससंघ का सानिध्य प्राप्त होगा।

प्रतिदिन सुबह 9.15 से परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागरजी महाराज के प्रवचन श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में होंगे।सुबह 9.45 से श्री जिनेन्द्र अभिषेक एवं नित्य नियम पूजा श्री पार्श्वनाथ दिग. जैन मंदिर सराफा में पंडित निखलेश जैन के निर्देशन में सम्पन्न होंगे।

# पुलिस अधीक्षक राय ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा खरीदी



**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय ने बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुरानी मंडी प्रांगण में स्व सहायता समूहों द्वारा ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के विक्रय हेतु लगाए गए स्टॉल्स से मिट्टी की गणेश प्रतिमा खरीदी। उन्होंने इस अवसर पर जिले के सभी नागरिकों से केवल मिट्टी व प्राकृतिक रंगों से तैयार ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं ही खरीदकर अपने घरों में स्थापित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से जल एवं पर्यावरण प्रदूषित होता है।

# मोबाइल दुकानों में घुसे चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई बदमाशों की करतूत

**खरगौन ● दैनिक इंदौर संकेत**

जिले में इन दिनों त्यौहारी सीजन में जहां पुलिस मुस्तैदी का दावा कर रही है तो वही चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर बेखौफ चोर पुलिस की मुस्तैदी को चुनौती दे रहे है। सोमवार-मंगलवार की रात लगभग 2 बजे कसरावद में दो मोबाइल दुकानों पर चोरों ने नकदी सहित मोबाइल एसेसरीज चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी दीवार में सेंधमारी कर दुकान में घुसे थे, इनकी यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। चोरी का खुलासा बुधवार सुबह उस वक्त हुआ जब दुकानदार दुकान पर पहुंचे।

मिली जानकारी अनुसार इंदौर रोड सरकारी स्कूल कॉम्लेक्स में शोएब खान की संचालित हो रही मोबाइल दुकान में घुसे चोर करीब पुराने मोबाइल, मोबाइल पार्ट्स व एक्सेसरीज चोरी कर ले गए। शोएब के मुताबिक उनकी दुकान से करीब एक लाख रुपए मूल्य के सामान की चोरी हुई है। इस कॉम्पलेक्स की गोल्डन मोबाइल



दुकान में चोरी दीवार में सुरंग कर घुसे। दुकान संचालक आकिब खान ने बताया कि चोर आठ हजार रुपए नगदी सहित 26 हजार की एक्सेसरीज चोरी कर ले गए। इसके अलावा उन्होंने दुकान में तोडफ़ोड़ भी की है। मौका मुआयना करने पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले है, जिसमें दो संदिग्ध नजर आए है। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन का कहना है मौका स्थल का निरीक्षण कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में दो व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# जनपद सीईओ के 10 दिन में जांच के लिखित आश्वासन पर हड़ताल समाप्त

**खंडवा ● दैनिक इंदौर संकेत**

पुनासा ब्लाक की ग्राम पंचायत जलवां बुजुर्ग में मनरेगा के तहत अनियमितता तथा अन्य शिकायतों की जांच व कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण पांच दिन से पंचायत के सामने हड़ताल कर रहे थे। एक मामले में रोजगार सहायक दोषी पाए जाने पर उसे जनपद कार्यालय अटैच कर दिया गया। हड़ताल समाप्त नहीं होने पर बुधवार को सीईओ अभिषेक त्रिवेदी गांव पहुंचे। ग्रामीणों को सभी शिकायतों की जांच 10 दिन में पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीणों ने हड़ताल समाप्त की।

ग्रामीणों ने सीईओ त्रिवेदी को बताया कि हम तीन प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। रोजगार सहायक द्वारा तीन खेत तालाब खुदाई में से दो ही मौके पर पाए गए हैं। एक की बिना खुदाई किए ही फर्जी



मस्टर अपलोड कर 1.43 लाख रुपए आहरित कर लिए गए। दूसरी मांग पीएम आवास तथा डेगवल कुआं रिचार्ज योजना में अनियमितता की जांच शामिल है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि दीपक पटेल ने भी ग्रामीणों से चर्चा की और शिकायतों की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। अंत में उन्होंने शिकायतकर्ता व अन्य लोगों को पानी पिलाकर हड़ताल समाप्त कराई।

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में मलेशिया की लेत्शाना को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी) •** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट भारत की पीवी सिंधु ने क्चङ्खस्न वर्ल्ड चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 16 में एंट्री कर ली है। उन्होंने बुधवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 के मैच में मलेशिया की लेत्शाना कारुपथेवान को सीधे गेम में हराकर बाहर किया। पेरिस के अडीडास एरिना में मिक्स्ड डबल्स और मेंस डबल्स इवेंट में भारतीय जोडियों को सफलता मिली। वर्ल्ड नंबर-9 भारत के सात्विक और चिराग की मेंस डबल्स पेयर ने भी राउंड ऑफ 16 में एंट्री कर ली। पिछडने के बाद सिंधु ने वापसी की पहले गेम में एक समय मलेशियन प्लेयर 18-13 से आगे थीं। सिंधु ने यहां से वापसी की और 21-19 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली। हाफ स्टेज तक वे 11-6 से आगे थीं। फिर 21-15 से दूसरा गेम जीता और मैच अपने नाम कर लिया।

## खेल दिवस विशेष-देश के पहले दिव्यांग टेस्ट कप्तान - ब्रजेश द्विवेदी

**इंदौर • इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
खेल दिवस पर जब देश अपने खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष को सलाम करता है, तब इंदौर निवासी ब्रजेश द्विवेदी का नाम विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है। वे भारत के पहले दिव्यांग टेस्ट क्रिकेट कप्तान हैं, जिन्होंने दिसंबर 2023 में आगरा में नेपाल के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट मैच में भारतीय टीम का नेतृत्व किया। यह क्षण न केवल भारतीय क्रिकेट बल्कि पूरे दिव्यांगजन समाज के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। बचपन में पोलियो के कारण 60% शारीरिक अक्षमता झेलने वाले ब्रजेश ने कभी अपने सपनों से समझौता नहीं किया। क्रिकेट के प्रति अटूट जुनून ने उन्हें 1999 में मध्यप्रदेश टीम तक पहुँचाया और उसके बाद उन्होंने सेंट्रल रेलवे मुंबई से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक देश का नाम रोशन किया।

### मुख्य उपलब्धियां

**दिसंबर 2023** - भारत-नेपाल पहला दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच, कप्तान - आगरा
**2021** - दिव्यांग प्रीमियर लीग, शारजाह (यूएई) - कप्तान, मैन ऑफ द मैच
**2022**- बंगबंधु कप, बांग्लादेश - भारत प्रतिनिधित्व




**2019** - टापन ट्रॉफी - राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन
**2018** - टाटा स्टीलियम कप, जमशेदपुर - सहभागिता
**2003-2007** - सेंट्रल रेलवे, मुंबई का प्रतिनिधित्व
**1999** - मध्यप्रदेश राज्य दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयन

### सम्मान और पुरस्कार

सतना गौरव सम्मान 2023 - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदान
मध्यप्रदेश खेल रत्न 2019
दिव्यांग रत्न 2018
अचीवर्स खेल अलंकरण 2020
इंडिया स्टार पैशन अवॉर्ड 2019
स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर (2018)

## अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया

**चेन्नई (एजेंसी) •** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। अश्विन ने पहले ही टेस्ट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में अब अश्विन किसी भी प्रारुप में पेशेवर क्रिकेट में नहीं दिखेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास उन्होंने पिछले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही ले लिया था। ये अनुभवी स्पिनर आईपीएल के पिछले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से उतरा था पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में माना जा रहा था कि उनको इस बार टीम अपने साथ नहीं रखेगी, इसी को देखते हुए उन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया। सोशल मीडिया पर अश्विन ने अपनी रिटायरमेंट की घोषणा की है। अश्विन ने लिखा, खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के तौर पर मेरा समय आज खत्म हो रहा है पर विभिन्न लीगों में खेल के अवसर के तौर पर मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। ऐसे में अटकलें हैं कि अब वह विदेशी लीग में खेल सकते हैं।अश्विन ने कहा, मैं सभी फ्रेंचाइज़ियों , आईपीएल और बीसीसीआई को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और सबसे बढ़कर को उन्होंने मेरा अभी तक साथ दिया है। अब जो भी आगे होना है मैं उसका आनंद लेने के लिए तैयार हूं।





## सिने जगत

# फिल्म 'उफ्फ ये सियाप्पा' में नजर आएगी नोरा 'कामिनी' के रूप में

**मुंबई (एजेंसी) •** फिल्म उफ्फ ये सियाप्पा में एक्ट्रेस नोरा फतेही एक आकर्षक और दमदार किरदार कामिनी के रूप में नज़र आएंगी, जो अपने आप में बेहद अनोखा और दिलचस्प है। नोरा ने फिल्म उफ्फ ये सियाप्पा का पहला लुक सोशल मीडिया पर साझा कर सनसनी मचा दी है। लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा गया, मिलिए हमारे साइलेंट हीरोज़ से सियापा स्क्वाड, जिसने दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ा दी है। नोरा फतेही ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी भावनाएं भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि उफ्फ ये सियाप्पा उनके लिए खास इसलिए है क्योंकि इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया गया है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म पूरी तरह भावनाओं और अभिव्यक्ति पर आधारित है और इस दौरान उन्हें बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करने का अनुभव मिला। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और उन्हें कॉमेडी बेहद पसंद है, इसलिए उनका किरदार भी दर्शकों के लिए खास आकर्षण होगा। नोरा ने आगे बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग महामारी के बाद के समय में की थी और अब लंबे इंतजार के बाद दर्शकों तक यह प्रोजेक्ट पहुंचने वाला है।



# अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में मानुषी

**मुंबई (एजेंसी) •** अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेत्री मानुषी छिल्लर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने एक नई बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) तस्वीर साझा की, जिसने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। इस तस्वीर में एक विशाल प्रोडक्शन सेट दिखाई दे रहा है, जहां भारी-भरकम लाइटिंग रिग्स, जटिल वेंटिलेशन सिस्टम और क्रू मेंबर्स की व्यस्त तैयारियां नज़र आ रही हैं। मानुषी ने पिछले साल 'मालिक' और 'तेहरान' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से लोगों का ध्यान खींचा था और अपनी बहुमुखी प्रतिभा का सबूत भी दिया था। अब तक उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स चुने हैं, जो अलग-अलग जॉनर और स्टाइल के रहे हैं। यही वजह है कि उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

## उज्जैन संभाग

# मुख्यमंत्री ने 79.27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, उज्जैन को मिली 107 करोड़ की सौगात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**उज्जैन •** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को गोपाल मंदिर छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज क्षेत्र में 79.27 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उज्जैन सदैव गौरवशाली रहा है और आगामी सिंहस्थ 2028 को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 25.15 करोड़ की लागत से रीगल टॉकीज क्षेत्र के उन्नयन, 22.30 करोड़ की लागत से गदा पुलिया से लालपुल ब्रिज तक मार्ग चौड़ीकरण तथा 31.83 करोड़ रुपये की लागत से गाड़ी अड्डा चौराहा से बड़ी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।



उन्होंने कहा कि अवंतिका (उज्जैन) का इतिहास महाकालेश्वर, राजा विक्रमादित्य, महाकवि कालिदास और सम्राट अशोक जैसी गौरवगाथाओं से जुड़ा है। आज राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की छत्री के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन कर हम उनकी अमर गाथा को स्मरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, कन्या पूजन और रीगल टॉकीज के उन्नयन पर आधारित लघु फिल्म का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 36 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनने वाले इस प्रोजेक्ट में पार्किंग की आधुनिक सुविधा भी होगी।

सिंहस्थ को लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि क्षिप्रा नदी को सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से सदैव प्रवाहमान रखा जाएगा। साथ ही उज्जैन को शीघ्र ही नई 4 लेन सड़क और लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से मेट्रो लाइन की सौगात मिलेगी, जो उज्जैन को इंदौर और पीथमपुर से जोड़ेगी।

उन्होंने कहा कि विक्रम उद्योगपुरी से विश्वस्तरीय औद्योगिक उत्पाद निर्यात किए जा रहे हैं। बहनों के सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार लाडली बहना योजना चला रही है, जिसके अंतर्गत जल्द ही 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं को स्थानीय निकाय चुनावों में 33% आरक्षण और ओबीसी को 27% आरक्षण देने का संकल्प लिया है। वहीं प्रदेश में अब तक 32 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं और पिछले डेढ़ साल में सिंचाई रकबा 7.5 लाख हेक्टेयर बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी ने किया।

# देश की आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है उज्जैन - मुख्यमंत्री यादव

## उज्जैन की धरोहर विश्व को दे रही नई दिशा - केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**उज्जैन •** होटल अंजुश्री में ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहस्र्ङ्घठ्ठह्लद्ब८' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन देश की आत्मा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है, जिसका मूल आधार स्वयं बाबा महाकाल हैं। उन्होंने बताया कि महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन की पहचान विश्वस्तर पर और मजबूत हुई है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को नई दिशा दे रही है। मध्यप्रदेश ने धार्मिक पर्यटन में देशभर में अग्रणी भूमिका निभाई है। कॉन्क्लेव में देशभर से प्रमुख धार्मिक ट्रस्टों, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों, निवेश अवसरों और वैश्विक सहभागिता पर विस्तृत चर्चा हुई।




# गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**उज्जैन •** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गणेश चतुर्थी पर लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन समिति द्वारा आयोजित मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सिंहस्थ 2028 ऐतिहासिक होगा तथा उज्जैन तीर्थाटन और विकास की नई ऊँचाइयाँ छुएगा। उन्होंने बताया कि उज्जैन में सड़कों, फ्लाईओवर और मेट्रो ट्रेन परियोजनाओं सहित सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से हो रहे हैं। इस अवसर पर लगभग 300 मिट्टी की प्रतिमाएँ विभिन्न समितियों व संगठनों को वितरित की गईं। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# नगर निगम मुख्यालय में विराजे गौरी पुत्र श्री गणेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**उज्जैन •** बुधवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम मुख्यालय में प्रथम पूज्य भगवान गणपति जी की स्थापना धूमधाम से की गई इस दौरान निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन करते हुए शहर विकास और सुख समृद्धि की कामना करते हुए नगर निगम परिवार को गणेश चतुर्थी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई, इस दौरान नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।




रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक-

# हमें किसी की जमीन नहीं चाहिए, लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए हम किसी भी हद तक जाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय रणसंवाद कार्यक्रम में अंतिम दिन बुधवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के दुश्मनों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा कि हमें किसी की ज़मीन नहीं चाहिए, लेकिन हम अपनी ज़मीन की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। हमारे सामने चुनौतियां भले ही बड़ी हों लेकिन हमारा उत्साह उससे भी अधिक बड़ा है। आयोजन में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र दिवेदी भी आए हुए हैं।



### सीडीएस ने कहा था शांति चाहिए तो युद्ध की तैयारी करनी होगी

इससे एक दिन पहले सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने आयोजन का उद्घाटन करते समय साफ कहा था कि शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयारी करनी होगी। भविष्य में युद्ध रणभूमि तक नहीं होंगे, बल्कि एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर अटैक जैसी तकनीकी से होंगे।

### रक्षामंत्री ने कहा कि अब युद्ध केवल सैनिकों के लिए नहीं रहा

रक्षामंत्री सिंह ने साफ कहा कि अब युद्ध केवल सैनिकों के कंधे पर नहीं रहा। यह पूरे नागरिकों के लिए हो गया है, इसमें हर किसी का योगदान होता है। वैज्ञानिक तकनीकी लाते हैं, उद्योगपति हथियार बनाते हैं, सिविल सोसाइटी की भी जरूरत है।

### हम लगातार आत्मनिर्भर हो रहे हैं

रक्षामंत्री ने कहा कि हम लगातार आत्मनिर्भर हो रहे हैं, एक साल पहले 40 हजार करोड़ का उत्पादन डिफेंस सेक्टर में था जो अब 1.5 लाख करोड़ हो चुका है। दस साल पहले हम केवल 1 हजार करोड़ का निर्यात करते थे और अब 24 हजार करोड़ का हो चुका है। लगातार हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के विजन से देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

### अब युद्ध का तरीका बदल चुका है

रक्षामंत्री ने कहा कि अब आधुनिक दौर में युद्ध परंपरागत नहीं रहा है। लगातार नई तकनीकी आ रही है। सरप्राइज एलिमेंट सबसे अहम हो गया है। रूस और यूक्रेन युद्ध सामने है, साल 2022 में जब शुरू हुआ तो टैंक, राइफल से और अब नई तकनीक ड्रोन, मिसाइल इन पर पहुंच गई है। लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह शाही ने कहा कि रण संवाद यानी युद्ध पर संवाद, एक प्लेटफॉर्म है। जिसका उद्देश्य युद्ध कला और युद्ध संचालन की ट्रेनिंग है।

### सीडीएस अनिल चौहान ने कहा था- ऑपरेशन सिंदूर जारी है

रण संवाद 2025 के पहले दिन मंगलवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यह भी कहा था– भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई सबक सीखे।

## लापता श्रद्धा के लिए 51 हजार का इनाम परिजन ने टांगी सोनम की तरह उल्टी तस्वीर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के एमआईजी क्षेत्र से गुजराती कॉलेज की सेकेंड ईयर की छात्रा श्रद्धा तिवारी पिछले 5 दिन से लापता है। परिजनों ने उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद में घर के बाहर श्रद्धा की उल्टी तस्वीर टांग दी है। साथ ही घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति उसे ढूंढकर घर लाएगा, उसे 51 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। यह वही तरीका है जिसे कुछ समय पहले राजा रघुवंशी हत्याकांड की मास्टरमाइंड सोनम रघुवंशी के पिता ने भी अपनाया था।

एमआईजी थाना पुलिस के मुताबिक, श्रद्धा घर से निकलते समय अपना मोबाइल वहीं छोड़ गई थी। तब से उसका उसकी सहेलियों और अन्य परिचितों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। शुरुआती जांच में पुलिस ने उसकी एक सहेली से पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि



श्रद्धा को परिजन की फटकार मिली थी।

### इनाम की घोषणा और सोशल मीडिया अपील

श्रद्धा के परिवार ने घोषणा की है कि उसे ढूंढकर लाने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। परिवारजन और मित्रों ने सोशल मीडिया पर अपील करते हुए कहा है कि लोग उसकी तलाश में मदद करें और किसी भी जानकारी को तुरंत साझा करें।

# डीसीपी आईपीएस मीना की विदाई पार्टी की पूरे पुलिस गलियारे में चर्चा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर पुलिस के डीसीपी (जोन-1) विनोद कुमार मीना जो 2019 बैच के आईपीएस हैं, हाल ही में इंदौर से ट्रांसफर हुए हैं। वह इंदौर जोन वन डीसीपी से ट्रांसफर होकर मंदसौर एसपी बनाए गए हैं। उन्होंने मंदसौर में जॉइन कर लिया है लेकिन ट्रांसफर के बाद इंदौर में हुई उनकी विदाई पार्टी की धूम इंदौर से लेकर भोपाल और पूरे मप्र में पुलिस गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। इस पार्टी का 3.40 मिनट का वीडियो जमकर गूंज रहा है। डीसीपी मीना की विदाई पार्टी उनके जोन के टीआई, एसीपी, एडिशनल डीसीपी व अन्य द्वारा मिलकर दी गई थी। यह तेजाजी नगर क्षेत्र में आनंदम जगह पर हुई थी।

पार्टी की शुरुआत में वह गाड़ी से उतरते हैं और फिर उनका स्वागत होता है। पहले साफा बांधा जाता है और फिर इंट्री गेट पर दोनों ओर लोग खड़े होकर फूल बरसाते हैं और उनकी शानदार इंट्री होती है। फिर आतिशबाजी होती है और मंच पर भी जमकर फुलझड़ियां होती हैं। मंच पर एक सोफा है और पीछे बहुत बड़ा



पोस्टर आईपीएस मीना का रहता है। पूरे समय में एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा रहते हैं, यह वही अधिकारी हैं जिनकी कार्यशैली से नाराज होकर डीसीपी ने हटाने तक का पत्र लिख दिया था। अब पूरे आयोजन की कमान शर्मा ही संभाल रहे हैं और डीसीपी भी जमकर गदगद हुए।

इसके बाद उन्होंने थोड़ी स्पीच दी और प्रोफेशनल ड्यूटी अच्छे से करने की बात कही। यह अलग बात है कि इस पार्टी में कई पुलिस वाले वर्दी में शामिल थे, यानी वह ड्यूटी पर होकर भी पार्टी में मौजूद थे। जो प्रोफेशनल ड्यूटी के खिलाफ है। अंत में डीसीपी के पुलिस वाहन को फूल से बंधी रस्सियों से रथ की तरह खींचा गया।

इसके बाद मंच पर डीसीपी के स्वागत की होड़ लग गई, कोई फूल लेकर आया, कोई माला तो कोई बुके और फिर सक्षम अधिकारियों ने महंगे गिफ्ट दिए। इसमें चांदी का मंदिर दिया गया तो किसी ने चीता बने हुए फोटो फ्रेम तो किसी ने अन्य गिफ्ट। इंदौर में फिलहाल इतनी आलीशान विदाई अब तक किसी आईपीएस, पुलिस कमिश्नर ने भी नहीं की। समारोह को देखकर लोगों को ऐसा प्रतीत हुआ मानो रिटायरमेंट का मौका हो। पुलिस अधिकारियों और थानेदारों की मौजूदगी में जिस अंदाज में विदाई दी गई, उसने कई सवाल खड़े कर दिए। विदाई के बीच डीसीपी मीना के कार्यकाल के विवाद भी चर्चा में रहे। असल में उनका स्वभाव मौन रहने वाला रहा। आईपीएस होते हुए भी कई बार वे अधीनस्थ अधिकारियों और स्टाफ के दबाव में काम करते दिखे। यही कारण रहा कि उन्हें कमिश्नर की नाराजगी भी झेलनी पड़ी।

## दिवाली तक इंदौरियों को मिलेगी डबल डेकर बसों की सौगात

### 7 रूटों पर करेगी सफर, भीड़ से मिलेगी मुक्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में जल्द ही डबल डेकर बसों की शुरुआत होने वाली है। इस बार एआईसीटीएसएल सीधे बसें खरीदेगा और उनके संचालन की जिम्मेदारी निजी ऑपरेटरों को सौंपी जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया गणेश उत्सव के दौरान शुरू की जाएगी। लक्ष्य है कि दिवाली से पहले शहरवासी डबल डेकर बसों की सवारी कर सकें। शुरुआती चरण में ये लग्जरी बसें सात निर्धारित मार्गों पर संचालित होंगी।

बस का आकार 9 मीटर लंबा और लगभग 15 फीट ऊंचा होगा। इसमें कुल 65 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी, जिनमें ऊपरी मंजिल पर 36 और निचली मंजिल पर 29 सीटें उपलब्ध रहेंगी। खड़े होकर सफर करने वालों के लिए 25 हैंडल लगाए जाएंगे। वहीं, एयर सस्पेंशन तकनीक की मदद



से यात्रा के दौरान झटके महसूस नहीं होंगे और सफर आरामदायक रहेगा।

यह डबल डेकर बस स्विच मोबिलिटी कंपनी के मॉडल EiVww पर आधारित है, जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये है। इसे पूरी तरह चार्ज करने में करीब डेढ़ से तीन घंटे का समय लगेगा। बस को लक्ज़री और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, ताकि यात्रियों को सफर के दौरान बेहतर आराम और अनुभव मिल सके। शुरुआती चरण में इसे खासतौर पर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर के लिए चलाने की योजना बनाई गई है। AICTSL के सर्वेक्षण में स्पष्ट हुआ है कि डबल डेकर बसों का संचालन केवल चौड़े और बड़े मार्गों पर ही संभव होगा। तंग गलियों या संकरी जगहों पर बस की ऊंचाई ट्रैफिक सिग्नलों, बिजली की तारों और अन्य बाधाओं के कारण परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए वहां इनका संचालन नहीं किया जाएगा।

## फ्लैट, कैश और सांप-बिच्छू : करोड़पति लेडी स्मगलर के घर मिले खूंखार जानवर, देख पुलिस के उड़े होश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश की इंदौर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला ड्रग तस्कर की गिरफ्तारी की है। क्राइम ब्रांच ने महिला ड्रग तस्कर को अहीरखेड़ी इलाके में दबिश देकर गिरफ्तार किया। आरोपी महिला ड्रग तस्कर का नाम सीमा नाथ है। उसकी उम्र 32 साल है। इंदौर के अहीरखेड़ी में आरोपी महिला का घर है। पुलिस ने महिला के घर पर दबिश दी। आरोपी महिला ने घर में सांप बिच्छू पालकर छोड़ रखे थे। इंदौर क्राइम ब्रांच के एसीपी, टीआई सहित 18 सदस्यों की टीम ने रैकी के बाद महिला के घेरा डाला। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी सीमा नाथ की गिरफ्तारी रविवार देर रात की गई। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली। आरोपी महिला की घर की तलाशी में करीब 1 करोड़ कीमत की 516 ग्राम ब्राउन-शुगर और 48 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।

### आटे के डिब्बे और कपड़ों में छिपाकर रखे थे पैसै

ड्रग तस्कर महिला ने आटे के डिब्बे और कपड़ों में छिपाकर पैसों को रखा था। आरोपी महिला करीब डेढ़ साल से फरार चल रही थी। क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, आरोपी महिला सीमा नाथ के पति का नाम महेश टोपी है। वो भी लिस्टेड गुंडा है। इतना ही नहीं आरोपी महिला पर एनडीपीएस



एक्ट सहित 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### घर में सांप बिच्छू पालकर छोड़ रखे थे

डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी बताया कि आरोपी महिला इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ड्रग्स की पुड़िया बनाती और सप्लाई करती थी। आरोपी महिला अपने घर से ही अवैध मादक पदार्थ का काला कारोबार कर रही थी। महिला बहुत शातिर है। कोई पुलिसकर्मी अकेले महिला के इलाके में जाने की हिम्मत नहीं दिखा पाता था। उसने अपने घर में सांप बिच्छू पालकर छोड़ रखे थे। पुलिस ने उससे 23 किलो चांदी, 1 किलो सोना और एक फ्लैट के कागजात भी बरमाद किए हैं।

## हम नहीं लगने देंगे चौपाटी आभूषणों की दुकानें रात तक खुली रखेंगे - सराफा व्यापारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में स्वाद के लिए चर्चित सराफा चौपाटी का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को हुई बैठक में मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि सराफा चौपाटी नहीं हटेगी। वह इंदौर की शान है, लेकिन सराफा व्यापारी इस फैसले से खुश नहीं है।

व्यापारियों ने मंगलवार को बैठक की और कहा कि 1 सितंबर से चौपाटी नहीं लगने देंगे। जब शहर में विजय नगर क्षेत्र से निगम ने चौपाटी हटाई। दुकानें तुड़वाई तो फिर दोहरा रवैया सराफा चौपाटी के लिए क्यों अपनाया जा रहा है। बैठक में व्यापारियों को शपथ पत्र भी दिए। उन्हें भरकर लाने को कहा गया है। दरअसल सराफा व्यापारी ही चौपाटी के लिए दुकानदारों को दस से बीस हजार रुपये प्रतिमाह तक दुकान के




बाद फुटपाथ किराए पर देते है। अब उन्होंने तय किया है कि सितंबर से वे किराया नहीं लेंगे। बैठक में तय हुआ कि सराफा व्यापारी अपनी दुकानें रात दस बजे तक खुली रखेंगे। दुकान के सामने चौपाटी नहीं लगने देंगे। सराफा मे आयोजित बैठक में व्यापारियों ने कहा कि परंपरागत व्यंजनों की दुकानें सराफा में थी। लोग उन्हें खाने आते थे। बाद में चौपाटी लगने लगी,लेकिन उससे इंदौर की पहचान नहीं है। सराफ में कई पुरानी व्यंजनों की दुकानें है। वे चौपाटी हटने के बाद भी रहेगी। चौपाटी में अब व्यंजन बनाए जाते हैं। इससे आग लगने का खतरा बना रहता है। दुकानों में लाखों रुपये के आभूषण रखे रहते हैं। आग लगी तो करोड़ों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि दिन ब दिन चौपाटी में भीड़ बढ़ने लगी है। नगर निगम सराफा चौपाटी को गांधी हॉल में भी शिफ्ट कर सकता है।

# इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर मेट्रो रेल परियोजना को मिली मंजूरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● मध्य प्रदेश सरकार ने उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर मेट्रो रेल परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्श शुल्क को मंजूरी दे दी। पहले फेज में यह लाइन श्री महाकालेश्वर उज्जैन से लवकुश चौराहा, इंदौर तक और दूसरे चरण में लवकुश चौराहा से पीथमपुर तक विस्तारित होगी। यह फैसला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बीते मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में लिया गया। खबर के मुताबिक, परामर्श का कार्य दिल्ली

### डीपीआर तैयार करेगी ये कंपनी

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 9 लाख रुपये प्रति किमी (जीएसटी सहित) की दर से सौंपा गया है। एएनआई की खबर के मुताबिक, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य की मेट्रो परियोजना केवल इंदौर और भोपाल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए आस-पास के उपनगरों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी मेट्रो परियोजना बहुत बड़ी है, जो केवल इंदौर और भोपाल के लिए नहीं है, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों को भी जोड़ने के लिए है। हालांकि, इस पूरे नेटवर्क को पूरा करने में 20 से 25 साल लग सकते हैं, लेकिन हमने काम शुरू कर दिया है। मंत्री का कहना है कि इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर रूट का सर्वेक्षण जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले चार से पांच वर्षों में पीथमपुर से उज्जैन तक मेट्रो सेवा इंदौर होते हुए शुरू हो सकती है। इसके साथ ही मंत्री ने जानकारी दी कि इंदौर से देवास तक भी मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना है।

# 90 डिग्री पुल मामले में सरकार को झटका

### ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने पर हाईकोर्ट की रोक, 10 को होगी सुनवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का 90 डिग्री वाला पुल दुनिया भर में चर्चा का विषय बना था। अब इस मामले में एक ताजा अपडेट आया है। ऐशबाग इलाके में बने ब्रिज मामले में एमपी हाईकोर्ट ने ठेकेदार को बड़ी राहत दी है। ब्लैकलिस्ट करने की सरकार की कार्रवाई पर रोक लगा दिया है। जबलपुर हाईकोर्ट ने मैनिट के वरिष्ठ प्रोफेसर से तकनीकी जांच कराने का आदेश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई अब 10 सितंबर को होगी।



दरअसल, इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने की है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिज निर्माण की जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि कहां और किस स्तर पर गड़बड़ी हुई है।

कोर्ट ने मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) के निदेशक को निर्देश दिया है। स्ट्रक्चरल और सिविल इंजीनियरिंग योग्यता वाले एक सीनियर प्रोफेसर से पुल की जांच कराएं। साथ ही 10 सिंतबर तक रिपोर्ट पेश की जाए। बेंच ने कहा कि प्रोफेसर को एक लाख रुपए का भुगतान किया जाए। इसका खर्च रिपोर्ट के आधार पर याचिकाकर्ता वहन करेगा। 90 डिग्री ब्रिज की गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। चर्चा के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने कई इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया था। साथ ही ब्रिज बनाने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रबंध संपादक : **अक्षय तिवारी**, द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**।
न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किये गये है अत : इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक, सांध्य दैनिक इंदौर संकेत। फोन नं. 731-3530700